मासिक समाचार पत्र-इंदौर, अहमदाबाद, पुणे से एक साथ प्रकाशित संस्करण
वर्ष-1 :: अंक-8 :: मूल्य-5.00 रु.
हमारा संकल्प सेवा और समर्पण

# हूमड़ वाणी

गुरुवार, 5 अप्रैल 2025 | फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज का मुख पत्र | धर्म के लिए जिएं, समाज के लिए जिएं, ये धड़कनें, ये श्वांस हो हूमड़ समाज के लिए

## संपादकीय

शोक सभाएं आजकल दुःख बांटने और मृतक के परिवार को सांत्वना देने के अपने मूल उद्देश्य से भटक गईं हैं। इसमें शोक की भावना कम, और प्रदर्शन की प्रवृत्ति ज्यादा दिखाई देती है। मृतक का बड़ा फोटो सजाकर भव्यता के माहौल में स्टेज पर रखा जाता है। यहां तक कि मृतक के परिवार के सदस्य भी अच्छी तरह सज-संवरकर आते हैं। उनका आचरण और पहनावा किसी दुःख का संकेत ही नहीं देता।

समाज में अपनी प्रतिष्ठा दिखाने की होड़ में अब शोक सभा भी शामिल हो गई है। ये सब परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा के आधार बन गए हैं। उच्च वर्ग को तो छोड़िए, छोटे और मध्यमवर्गीय परिवार भी इस अवांछित दिखावे की चपेट में आ गए हैं। शोक सभा का आयोजन अब आर्थिक बोझ बनता जा रहा है। कई परिवार इस बोझ को उठाने में कठिनाई महसूस करते हैं पर देखा-देखी की होड़ में वे न चाहकर भी इसे करने के लिए मजबूर होते हैं।

इस आयोजन में खाना, चाय, कॉफी, मिनरल वाटर, जैसी चीजों पर भी विशेष ध्यान दिया जाने लगा है। यह पूरी सभा अब शोक सभा की बजाय एक भव्य आयोजन का रूप ले रही है।

शोकसभा में जाते हैं तब लगता ही नहीं कि हम लोग शोकसभा में आए हैं, रीति रिवाज का उन्मूलन करने के स्थान पर नए-नए रिवाजों को जन्म दे रहे हैं।।

1. शोक सभा सादगीपूर्ण और आडंबर रहित होनी चाहिए।

2. खूब साधन संपन्न लोग ऐसे अवसरों पर जरूरतमंद, बीमार, आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति की सहायता करें। सामाजिक संस्थाओं को खूब दान पुण्य करें।

**यशपाल जुवां**

परम श्रद्धेय सम्माननीय सदस्यगण 7 अप्रेल 2024 को प्रेरणा तीर्थ, अहमदाबाद मे संगठन को प्रगति मार्ग पर बढ़ाने का भार हमें सौंपा। यद्यपि संविधान में उल्लेखित लक्ष्यों व उद्देश्यों से अभी बहुत दूर है फिर भी सही दिशा में कदम बढ़े तो एक दिन मंजिल कदमों तले होती है। 365 दिन कि यात्रा में हमने प्रतिपल कुछ करने का प्रयास किया । NRI प्रोविंस का गठन, महिला प्रकोष्ट का गठन, ईडर में शपथ विधि, समारोह एवं हूमड़ चेतना, कुंभ, हूमड़ वाणी समाचार पत्र जन संपर्क अभियान, संगठन को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना, विकास शील परिवारों को सहायता व संबल देना। वार्षिक साधारण सभा तरण गांव हूमड़ रत्न से अलंकरण करना। नये व्यक्तिगत सदस्यों का बहुमान करना। सजातीय विवाह सम्मान, तप की अनुमोदना, पूर्णे-महाराष्ट्र में हूमड़ संगठन की आधारशिला। सांस्कृतिक धरोहर खेड़ ब्रह्मा वाव, देरोल देवपुरी क्षेत्र के विकास हेतु शासन से पत्राचार व सहायता का निवेदन। नये प्रकल्प, हूमड़ कुलायतन, HFPL क्रिकेट मेच, सम्मेद शिखर यात्रा, चिकित्सा कोष का निर्माण, जन हितो के अनेक प्रकल्प विचाराधीन है। बिना अर्थ सब व्यर्थ, अभी संगठन को मजबूत करना होगा। हम सब कहते हैं, चाहते हैं कि फेडरेशन संगठन में बहुत कुछ होना चाहिए। आगे आवें , इस यज्ञ में एक आहूति अर्पित करें। हम साथ हैं। रास्ता पूछने से नहीं चलने से कटता है कार्य कहने से नहीं करने से होता है।




# विभिन्न प्रदेशों के एक हजार हूमड़जनों की सामूहिक तीर्थराज सम्मेद शिखरजी की यात्रा संभावित तिथि 13 सितम्बर

न भूतो न-भविष्यती सैकड़ों वर्षों में पहली बार, एक हजार हूमड़ जन की सम्मेद शिखर तीर्थ यात्रा, फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज अंतर्राष्ट्रीय संगठन, आत्मशुद्धि और मोक्ष मार्ग का द्वार जैन धर्म का सर्वोच्च तीर्थ सम्मेद शिखर, भाव सहित वन्दे जो कोई, ताहि नरक पशु गति नहीं होई! ऐसे पवित्र पावन तीर्थ, जिस शैल की रज का कण कण पवित्र।

आपके लिए शुभ अवसर प्रस्तावित कार्यक्रम तीर्थ वन्दन दिनांक **13 सितम्बर** शनिवार से प्रारंभ होकर दिनांक 15 को तलहटी के दर्शन दिनांक 16 को गिरीराज वन्दन दिनांक 17 विशेष आयोजन संगीत मय विधान एवं भक्ति रथ महोत्सव एवं समापन समारोह। जहां भक्ति रस की गंगा बहेगी, कर्म निर्जरा होगी,वहीं सामाजिक व सांस्कृतिक हस्तानांतरण का अनुपम अवसर।

अनेकता में एकता लिए विभिन्न प्रांतों के हुमड़ जन गुजराती, मराठी, राजस्थानी, मालवी सभी भिन्न-भिन्न भाषा एवं वेशभूषा में एक ही रंग में झूमेंगे। सभी हुमड़ साधर्मी जन जैन धर्म के जयकारों के साथ द्रव्य, क्षेत्र, काल व भाव से शुद्ध हो देव शास्त्र गुरु के प्रति अगाढ़ श्रद्धा रख मोक्ष मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे।

''प्रथम आवे, प्रथम पावे'' के आधार पर आप अपना स्थान सुरक्षित करावें।

नामांकन हेतु निम्न पदाधिकारियों से तुरन्त संपर्क करें एवं अपना नाम पंजीकृत कराएं। यह यात्रा आपका पुण्य आपके पास संचित करेगा । भामाशाह दान दाता अपनी राशि संगठन को समर्पित करेंगे। विशेष अर्थ के अभाव में जो हूमड़ भाई बहन तीर्थ राज की वन्दना नहीं कर पाए वे ससम्मान निः शुल्क यात्रा हेतु आमन्त्रित हैं। आप हमारे विशेष अतिथि रहेंगे ।




# हूमड़ महाकुंभ हूमड़देवी कुलायतन स्थापना समारोह की तिथि में बदलाव

## 5 एवं 6 अक्टोबर 2025, देश भर में उत्साह का वातावरण

आयोजक समिति के प्रमुख मार्गदर्शक संहिता सूरी पंडित हंसमुख जैन (डागरिया), विपिन गांधी-अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज अंतर्राष्ट्रीय संगठन एवं दिनेश खोड़निया, सूत्रधार, अध्यक्ष 18,000 दशा हूमड़ समाज महासभा, ने बताया हूमड़ गोत्र की लुप्तप्राय कुल देवीयों की प्रतिष्ठा व स्थापना का समाचार बिजली की चमक सा देश विदेश में प्रकाश की गति सा फैला और सभी जगह से जिज्ञासाओं व उत्साह का बहाव अप्रत्याशित उत्साह से लौट कर आया।



जैसा कि अनुमान इस महाकुंभ में 15/20 हजार सदस्यों के सम्मिलित होने के संभावना को देखते हुए आयोजक समिति ने आपात बैंठक कर निर्णय लिया की धरियावद में मई माह में सूर्य प्रचण्ड ताप पर होकर तापमान का पूर्वानुमान 45० डिग्री सेल्सीयस अर्थात 113० डिग्री फारेनहाइट होगा । इतने विशाल कुंभ में आने वाले भाई - बहनों एवं समाजजन को अनुकुल सुविधाएं जुटाना भी एक बड़ी चुनौती होगी । तापमान पर हमारा नियंत्रण नहीं है। आवासीय व्यवस्था, अन्य सुविधाएं, आवागमन सभी को संचालित करने के लिए समितियों का गठन भी नहीं हो पाया । ऐसे अनेक बिन्दुओं को संज्ञान में लेते हुए विशेषज्ञों से सम्पर्क कर तिथि आगे बढ़ाना तय हुआ । विचार विमर्श के पश्चात अनेक संभावित मुहुर्त को ध्यान में रख कर दिनांक 5 व 6 अक्टूबर 2025 को समारोह करने का निर्णय किया है। अब पर्याप्त समय होने से समुचित व्यवस्थाएं जुटाई जा सकेगी । सभी की भावनाओं को उचित सम्मान दिया जा सकेगा एवं निरापद महा कुंभ के हम साक्षी होंगे ।

# सामूहिक ढूंढ एवं होली मिलन समारोह 2025



**इंदौर।** श्री हूमड़ जैन समाज ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री हूमड़ युवा मंच द्वारा आयोजित सामूहिक ढूंढ एवं होली मिलन समारोह इस वर्ष 23 मार्च रविवार को लता मंगेशकर ऑडिटोरियम, इंदौर में आयोजित किया गया था। इस वर्ष अतिथि के रूप में हैदराबाद निवासी इंदौर शहर की बेटी डॉ सोनाली जी मेहता (कवियत्री, लेखिका, AI Trainer, Asst.prof.) एवं मुंबई निवासी श्री रुचित जी शाह (प्रोफेशनल एंकर, कॉरपोरेट, एमएनसी होस्ट) का आतिथ्य प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम अध्यक्षता डॉ. सी.पी. कोठारी जी एवं श्री चिरायु जी बोबडा को युवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

दिनांक 22 मार्च को महेश नगर स्थित हूमड़ समाज भवन पर आपसे मिलिए कार्यक्रम में अतिथियों से इंदौर समाज रूबरू होकर भाव विभोर हो गई। अतिथियों ने समाज जन एवं युवाओं का प्रश्न उत्तर के माध्यम से उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

इस वर्ष समाज के 11 परिवारों में जन्मी नन्ही किलकारियों का सामूहिक ढूंढोत्सव हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जिसमें 7 बालक एवं 4 बालिकाएं थी।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रभु स्मरण करके समाज की नन्ही बालिकाओं द्वारा मंगलाचरण से हुई। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्रारंभ में श्री हूमड़ समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री पवन जी बागड़िया द्वारा उद्बोधन दिया गया। जिसके पश्चात श्री हूमड़ युवा मंच अध्यक्ष श्रीमती पूनम जी पाणोत ने मंच की गतिविधियों की जानकारी दी। इस वर्ष कार्यक्रम की (The Gala) Theme पर रखा। जिसमें सभी ढूंढ परिवार थीम के अनुसार परिवेश में आए और उसके अनुसार श्रेष्ठ युगल को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के मध्य में समाज के बच्चों ने ऑर्केस्ट्रा एवं डांस की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा को द्विगुणित किया। इस नई पहल को समाज में अत्यन्त हर्ष व्याप्त हो सभा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हुआ।

1700 समाज जनों ने इस कार्यक्रम में उपस्थित देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में युवा मंच सचिव श्री अनुपम जी बक्षी ने समाज जन का आभार माना एवं धन्यवाद प्रेषित किया।



## प्रतापगढ़ में ढूंढ कार्यक्रम संपन्न

प्रतापगढ़ मे 14 मार्च शुक्रवार को जूना मंदिर जी प्रांगण मे ढूंढ व तेरस कमेटी के तहत छोटे छोटे बच्चों की ढूंढ का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। हूमड समाज के 15 बच्चों की ढूंढ हुई, जिसमे 9 बालक व 6 बालिकाएं थी, इसी के साथ सुंदर संस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में मंगलाचरण पंच बालयती महिला मंडल की श्रीमती सोनिया भूता द्वारा व महावीर मंडल की चीनू पार्टी द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी। बच्चों मे व उनके मातापिता नें बहुत ही उत्साह दिखाई दें रहा था, मंच संचालन विनीत मिण्डा व शशि बंडी द्वारा किया गया, ढूंढ के सभी बच्चों को चांदी के सिक्के की भेंट दी गई। संस्कृतिक कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। आभार रमेश जी भूता द्वारा माना गया।

## श्री हुमड़ समाज प्रगति संघ ( HSPS ) अहमदाबाद द्वारा हूमड़ उत्सव-2025



श्री हुमड़ समाज प्रगति संघ (HSPS), अहमदाबाद द्वारा दिनांक 23 मार्च को हुमडोत्सव का भव्य आयोजन पंडित दीनदयाल हॉल में किया गया। हुमड़ समाज अहमदाबाद के लगभग 750 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ये कार्यक्रम समाज की परंपराओं और संस्कृति को सशक्त बनाने के साथ-साथ सामाजिक सदभाव को बढ़ावा देने हेतु किया जाता है !

**सामाजिक और सांस्कृतिक पहल :** इस आयोजन में मुख्य नवजात शिशुओं की सामूहिक ढूंढ, जिसमें 12 नवजात शिशुओं (5 बालक एवं 7 बालिकाएं) को समाज द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया गया। इसके अलावा समाज के वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में अमृत महोत्सव आयोजित किया गया। जिन सदस्यो ने अपनी आयु के 75 वर्ष पूर्ण किये हो ऐसे 6 वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया गया।

समारोह में नवविवाहित युगलों का हर्षोउल्लास के साथ स्वागत किया एवं समाज से परिचित कराया आप सभी को समाज की सदस्यता प्राप्त कराई गई। ये प्रयास समाज में पारिवारिक मूल्यों को बनाए रखने और युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है !

**भोजन की बर्बादी रोकने की मुहिम :** कार्यक्रम के दौरान HSPS समिति ने 'इतना ही लें थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में' इस हेतु एक विशेष अभियान शुरू किया।संरक्षकगण ने इस पहल में अहम भूमिका निभाई, उन्होंने सुनिश्चित किया कि कोई भी व्यक्ति भोजन व्यर्थ न करे। हमारे इस प्रयास को समाज के सभी सदस्यों ने बखूबी स्वीकार कर सराहना की और पूरा सहयोग दिया।

श्री हुमड़ समाज प्रगति संघ अहमदाबाद के अध्यक्ष श्री शरद जी गोडलिया ने कहा कि देशभर के हुमड़ समाज को भी इस तरह की पहल अपनानी चाहिए और अपने सदस्यों को भोजन की बर्बादी रोकने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने सभी हुमड़ समाजो को इस दिशा में सामूहिक रूप से कार्य करने का आह्वान किया।

**सांस्कृतिक संध्या–हंसी और मनोरंजन का अनूठा संगम :** श्री हूमड़ समाज प्रगति संघ अहमदाबाद ने अपनी परंपरा के अनुसार इस आयोजन में मनोरंजन को भी विशेष स्थान किया और समाज के सदस्यों के लिए एक शानदार गुजराती हास्य नाटक 'लग्न मा लहर छे, पण वैवई ने वेर छे' का मंचन किया। इस नाटक का सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया और पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन बनाए रखा। हुमड़ उत्सव-2025 समाज की एकता, सम्मान और परंपराओं को मजबूत करने वाला एक शानदार आयोजन साबित हुआ। श्री हुमड़ समाज प्रगति संघ अहमदाबाद आने वाले समय में भी ऐसे ही आयोजन करता रहेगा, जो समाज की सांस्कृतिक विरासत को संजोने और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



वागड़ गौरव कलिंजरा रत्न देह दानी श्री सोहनलाल जी गांधी की स्मृति में जैन पत्रकार पुरस्कार गांधी परिवार इंदौर द्वारा जहाजपुर में प्रदान किये गये।

## हूमड़ जैन समाज उज्जैन द्वारा ढूंढ एवं वार्षिक स्नेह मिलन

**उज्जैन।** हूमड़ जैन समाज ट्रस्ट द्वारा ढूंढ एवं वार्षिक स्नेह मिलन तथा होली मिलन समारोह हुमड़ परिसर सेठी नगर पर आयोजित किया गया। सर्व प्रथम प्रदीप जी डागरिया की पोती एवं अशोक जी चांपावत की पोती एवं परिवार को बग्गी में बैठा कर बैंड बाजों के साथ समाज की महिलाओं और पुरुषों द्वारा शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ले जाया गया। वहा पर नवागंतुक बालिकाओं के बीजारोपण को दादा-दादी, मामा-मामी, मम्मी-पापा के साथ में मंदिर जी की तीन परिक्रमा लगवाकर सम्यक दर्शन, ज्ञान,चरित्र का अर्ध चढ़वाकर अनिल जी दोशी द्वारा जैन संस्कार से संस्कारित किया गया।



कार्यक्रम के अतिथि सुनील जैन दोशी, चंद्रेश कजावत एवं कविगण थे। दीप प्रज्वलन अतिथियों द्वारा किया गया, अतिथियों का स्वागत जयेश पाड़लिया, धवल दोशी, शैलेश दोशी, सुभाष शाह आदि ने किया। मंगलाचरण श्रीमती आयुषी धवल दोशी ने किया। इसके बाद सभी सदस्यों द्वारा सु स्वादु भोजन का लुफ्त लिया।

पश्चात हुमड़ समाज की परंपरानुसार नव निहाल बच्चों की ढूंढ (नामकरण) समाज के वरिष्ठों द्वारा करवाई गई।

साथ ही होली मिलन एवं स्नेह सम्मेलन में हास्य कवि सम्मेलन में हास्य कवि नरसिंह इनानी, रेखा इनानी,विजय गोपी द्वारा श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। मधु कोठारी एवं मोक्षा दोशी द्वारा समाज सदस्यों को मनोरंजन बतौर तंबोला खिलाया गया। सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने में श्रीमती इंदु अनिल दोशी,शैलेश दोशी,रत्नेश गांधी का विशेष सहयोग रहा । कार्यक्रम संचालन अध्यक्ष अनिल दोशी ने किया आभार महावीर बागड़ियां ने माना।



# खडगदा क्षेत्रपालजी का 15वां वार्षिक महोत्सव एवं ध्वजा दंड स्थापना समारोह

दिनांक 9 मार्च 2025 को खडगदा गांव से आगे मोरन नदी पर स्थित श्री आदिनाथ-क्षेत्रपालजी मंदिर में भगवान आदिनाथ जी का पंचामृत अभिषेक - पूजन, श्री क्षेत्रपालजी का 11 किलो तिल्ली के तेल से अभिषेक किया गया। इसके पश्चात क्षेत्रपालजी की रजत वरक से आंगी रचना कि गई। तत्पश्चात श्री क्षेत्रपाल विधान प्रांरभ हुआ। मंडल रचना के साथ क्षेत्रपालजी की चांदी की प्रतिमा को विराजमान किया।



प्रांरभ में क्षेत्रपाल जी की पूजा की गई उसके पश्चात क्षेत्रपाल विधान शुरू किया गया। पूरे विधान में मंगल कलश तथा अन्य कलश स्थापित किये गए। और अर्घ चढाये गये। एक भगवान के चार क्षेत्रपाल के हिसाब से कुल 96 से भी अधिक अर्घ चढाये गये। विधान पूर्ण होने के पश्चात हवन एंव पूर्णाहुति की गई। दोनों मंदिर जी के ऊपर ध्वजा चढ़ाई। इसके पश्चात जिनेन्द्र भगवान की आरती एवं क्षेत्रपालजी की आरती की गई। इस कार्यक्रम का आयोजन वर्ष 2010 से स्व. चांदमलजी शाह पटवा परिवार इंदौर द्वारा आयोजित किया जाता है जिसमें इंदौर, मुंबई, उज्जैन, मंदसौर, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, सागवाड़ा, भीलूडा, चितरी, मालेगाँव, सालमगढ, ग्राम खडगदा तथा अन्य शहरों के भक्त कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य का संचय करते हैं। कार्यक्रम के पश्चात स्वामी वात्सल्य हुआ जिसमें सभी पधारें हुए भक्तों के साथ अन्य दर्शनार्थियों ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडित कमलेश जी सिंघई सलूम्बर ने अपने सहयोगी के साथ तथा संगीतकार अनिल जैन एंड पार्टी द्वारा पूरा कार्यक्रम सम्पन्न किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में इंदौर के श्री चंद्रप्रकाशजी पटवा, सिद्धार्थ पतंग्या, दिलीप शाह, अनिल शाह, ललित दोशी, अतुल रामावत, अमित गांधी, मुंबई से नवीन मिंडा, प्रतापगढ़ से राजूभाई पतंग्या, मनोज शाह, मुकेश शाह, शांतिलाल पतंग्या, कैलाश कोरिया एवं मंदसौर से श्री प्रवीण मिंडा परिवारजनों द्वारा विशेष रूप से सफलतम प्रयास किए गए।



## दिशी जैन सुर विद्या सीजन-2 में सेकंड रनर-अप विजेता

वागड़ की दिशी जैन ने सुर विद्या के अंतर्राष्ट्रीय मंच से इस मुकाम को प्राप्त किया है। दिशी जैन द्वारा कहा गया कि वास्तव में यह जीत मेरी नहीं बल्कि मेरे वागड़ मेवाड़ के साथ देश के प्रत्येक कोने से मेरे पक्ष में वोट करवानें का जो सफल प्रयास किया उस हर सदस्य की है। ये जीत उन सभी गुरूओं की है जिनका आशीर्वाद मुझे प्राप्त हुआ। ये जीत टीम वर्क की जीत है। ये जीत मेरे प्यारे वागड़ मेवाड़ ओर राजस्थान एवं सम्पूर्ण भारत के समाजजनों की है। आप सभी ने मुझे विनर बनाने का सपना संजोते हुए 2nd runner-up तक सफर तय करवाया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एक दिवसीय नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर



दिनांक 12 मार्च को डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस कल्पना जी बंडी के सौजन्य से सेंटर फॉर साइट हॉस्पिटल, इंदौर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन से किया गया। उसके उपरांत सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ सौरभ जी माहेश्वरी द्वारा नेत्र सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई।

इस अवसर पर डॉक्टर साहब व हॉस्पिटल की महिला कर्मचारियों को गिफ्ट देकर उनका सम्मान किया गया। सेंटर फॉर साइट हॉस्पिटल की ओर से 15 पदाधिकारियों को पौधे प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। सभी ने निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का लाभ उठाया और डिस्ट्रिक्ट की गतिविधि में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

Jain
Are the best in all over
World
NARENDRA MODI
Prime Minister of India



1008 श्री आदिनाथ भगवान के जन्म और तप कल्याण महोत्सव झाबुआ के सभी समाज के सदस्य झाबुआ महावीर महिला मंडल द्वारा बड़े हर्ष और उत्साह से मनाया गया। सुबह अभिषेक शांति धारा एवं भगवान की पूजा की गई इसके पश्चात प्रभावना स्वरूप मिठाई वितरित की गई। सांयकाल 48 दीपो से भक्तामर जी पाठ आदिनाथ भगवान का पलना महोत्सवसे हुआ सभी महिलाओं ने हर्ष और उल्लास से गरबे का कार्यक्रम रखा।

### सुविचार

यह महत्वपूर्ण नहीं है कि मनुष्य क्या है, लेकिन मनुष्य में जो है वह अधिक महत्वपूर्ण है...जो बदला जा सकता है उसे बदलो। जो बदला नहीं जा सकता उसे स्वीकार करो और जो स्वीकार नहीं किया जा सकता उससे दूर हो जाओ। लेकिन अपने आप को हमेशा खुश रखें! प्रेरणा लेनी है तो लहरों से लीजिये...इसलिए नही की वो उठतीं है और गिर जाती हैं...बल्कि इसलिए कि वे जब भी गिरती हैं नए जोश से फिर उठ जाती है।

आप जितने शांत रहेंगे, आप उतना ही स्पष्ट सोचेंगे। भावनाओं से नहीं, रणनीति से आगे बढ़ें।

**-सुशील कुमार शाह, दौंड**





सकल दिगम्बर जैन दशा हुमड समाज उदयपुर द्वारा श्रीमान पवन कुमारजी गोवाडिया, सागवाड़ा को समाज गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया।



राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में सूरत की धरा पर बारह हजार राजस्थान की महिलाओं द्वारा राजस्थान युवा संघ के नेतृत्व में घूमर की प्रस्तुति दी गई एवं विश्व कीर्तिमान स्थापित किया गया। ऐसा अभुतपूर्व आयोजन करने पर संघ की सदस्यों के साथ श्रीमती लता को सम्मानित किया गया। ये आपकी योग्यता और नेतृत्व क्षमता का सम्मान है। आप सक्रियता, और उर्जा से परिपूर्ण है, इसलिए लाइमलाइट में रहती है।



श्रीमान हंसमुखलालजी बंडी की पौत्री श्री राजेशजी एवं संध्या बंडी की सुपुत्री कु. अमिषा ने अपनी अथक मेहनत व दृढ़ इच्छाशक्ति से मेडिकल में उच्च शिक्षा प्राप्त करते हुए MBBS की डिग्री प्राप्त की। साथ ही आपने अपना, परिवार का, समाज का एवं देश का नाम रोशन किया।



फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज राजस्थान प्रोविंस के महामंत्री श्री गोवर्धनलाल शाह कुंवावालों ने बाहुलजी पुनीतजी कोठारी, परतापुर एवं दीप्ति जितेन्द्र कुमारजी भरडा सागवाड़ा को अपने पुत्र एवं पुत्री का सजातीय विवाह करने पर सम्मान पत्र भेंट किया।



हूमड़ जैन समाज, इन्दौर के समाजसेवी, सरल स्वभावी

**श्री शरद पाणोत**

को JITO JOBS APEX कार्यकारिणी में सचिव की नियुक्ति पर फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

***अपने कार्यकाल में आप सफलता के शिखर को छूते हुए स्वयं का, परिवार का व समाज का नाम गौरान्वित किया है।***

## श्री विशा हूमड़ दिगंबर जैन समाज के त्रैवार्षिक चुनाव सम्पन्न





**डुंगरपुर।** श्री विशा हूमड़ दिगंबर जैन समाज के सत्र 2025-28 के लिए त्रैवार्षिक चुनाव कुंथुनाथ दिगंबर जैन बोर्डिंग के सभागार में समाज के वरिष्ठ अजीतलाल गांधी की अध्यक्षता एवं चुनाव अधिकारी रविंद्र सेठ एवं महावीर वोरा के निर्देशन में संपन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष दिगपाल गांधी, उपाध्यक्ष हेमंत बी. जैन, सचिव विजय सेठ, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र गांधी एवं सहसचिव सुनील गांधी को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव में समाज के वरिष्ठजन और युवा शक्ति एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरव जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सचिव विजय सेठ ने पिछले कार्यकाल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष भूपेंद्र गांधी ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में आभार हेमंत जैन एवं सुनील गांधी ने व्यक्त किया।

# क्या आप जैन समाज के लिए सिर्फ 2 मिनट दे सकते हैं?



पूज्य चन्द्रशेखर महाराज साहब का सपना इस फोटो में धड़कता है। क्या आप चाहते हैं जैन युवक जो हमारे जैन मूल्यों का सख्ती से पालन करते हैं वे आईएएस-आईपीएस या कलेक्टर बनें? क्या आप चाहते हैं कि आपका जिला, तालुक कलेक्टर या मामलतदार जैन हो? मित्रों आज जैन समाज को जैन प्रशासकों, जैन नीति निर्धारकों की आवश्यकता है।

तपोवन अहमदाबाद परिवार युगप्रधान आचार्यसम प.पू.श्री चन्द्रशेखर विजयजी महाराज साहब जैन फॉर जैन के सपने को साकार करने जा रहा है।

तपोवन परिवार ने एक साल पहले पूरे भारत के जैन युवाओं के लिए अहमदाबाद में यूपीएससी-जीपीएससी-आईएएस-आईपीएस-परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रावास सुविधा के साथ-साथ एक कोचिंग सेंटर टीएएससी-तपोवन प्रशासनिक सेवा केंद्र शुरू किया और अविश्वसनीय परिणाम प्राप्त किए।

अब, TASC के नए बैच (2025-2026) के लिए फॉर्म भरना शुरू हो गया है। यह जानकारी भारत भर के सभी जैन संघों को वितरित कर इस संदेश को अपने आस-पास के दोस्तों, अपने संघ समूह में फैलाएं ताकि अधिक से अधिक युवा इस पहल से जुड़ सकें।



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नवजात शिशुओं को कीट वितरण

दिनांक 8/3/25 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फेडरेशन ऑफ हुमड जैन समाज एंव महावीर इंटरनेशनल वीरा प्रिय दर्शना डूंगरपुर के सयुंक्त तत्वावधान में महिलाओ द्वारा मातृ एंव शिशु चिकित्सालय में नवजात शिशुओं को 25 बेबी किट एंव नव प्रसुताओं को 25 पेटीकोट एंव पोषण की पोटली (दाल-दलिया) प्रदान की गई। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल की अध्यक्षा कल्पना दोशी, सचिव पुष्पक जैन, फेडरेशन की कार्यकारिणी सदस्य साधना जैन, पुजा जैन ,कनकलता जैन, दीपिका जैन, रेखा गोठी, ममता सरैया, श्वेता सरैया, आशा वोरा, रितु दोशी, निलम दोशी, कोपल दोशी उपस्थित रहे।



## स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता हेतु उदयपुर में पिंक साड़ी रन

उदयपुर में आयोजित पिंक साडी रन में सर्वयशा हुमड जैन समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। फेडरेशन ऑफ हुमड जैंन समाज की डॉक्टर ज्योत्सना जैन ने बताया कि इस दौड़ का उद्देश्य महिलाओं को स्तन कैंसर के प्रति जागरूक करना होता है। कार्यक्रम में डॉ ज्योत्सना जैन, सपना मुरावत, भूमिका धनावत, कीर्ति जैन, सोनाली जैन, प्रीति जैन, कल्पना जैन ने भाग लिया। विभिन्न महिला संगठनों की 1500 महिलाओ ने भाग लिया। सभी महिला प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।



बंडी राजेंद्र कुमारजी माणकलाल जी परिवार, मुंबई द्वारा अतिशय क्षेत्र डेचा (राजस्थान) मे नई भूमि पर भवन निर्माण मे 1 कमरे की निर्माण न्योछावर राशी 501000 रुपये प्रदान की गयी है आपके इस पुनीत कार्य की समाजजनों द्वारा खूब खूब अनुमोदना की गई।



## भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य

सागवाड़ा पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान के माता-पिता बनने का सौभाग्य फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज के संस्थापक अध्यक्ष श्री देवेन्द्रजी छापिया एवं श्रीमती कनकलताजी छापिया को प्राप्त हुआ।



## सिद्ध चक्र महामंडल विधान सम्पन्न

श्री 1008 चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर परले पॉइंट पर अष्टाह्निका पर्व पर श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया गया।

विधान नवकार महिला मंडल की बहनों की तरफ से श्रीपाल चरित्र सिद्ध मंत्र की महिमा नाटक की प्रस्तुति दी गई।

नाटिका में श्रीपाल के रूप में प्रीति शाह, मैना-खुशबू धवल सेठ, लता घीवाला-रयन मंजूषा, वनिक-कोमल कोठारी, पहरेदार-सुवर्णा बेन शाह, रचना टोपीवाला व स्क्रिप्ट लेखन मिलन बेन सूरतवाला द्वारा किया गया।

## निष्काम सेवक के रूप में श्री मिहिर गांधी सम्मानित



श्री दिगंबर जैन महासमिति महाराष्ट्र प्रांत द्वारा प्रांतीय सम्मेलन 2025 श्री सिद्धक्षेत्र मुक्तागिरी में माननीय श्री मिहिर गांधी अकलुज को निष्काम सेवक के रूप में जो सम्मान पत्र प्रदत्त किया गया है, उसके अनुसार जैन संस्कृति की छाप को संरक्षित करके, जैन तीर्थों को तीर्थ संरक्षण द्वारा संरक्षित किया जाता है। ये महान कार्य के सम्मानित व्यक्ति हैं माननीय श्री मिहिर गांधी जी। स्वच्छता अभियान सम्मेद शिखर, मुख्य भूमिका से अपना जीवन सार्थक बनायें। तन, मन और धन से मुनिवत्सल धर्मसेवा, शैक्षिक कार्यों में आर्थिक सहयोग के साथ रोगी की देखभाल के लिए वित्तीय सहायता, सेवा सुविधा समाज सेवा आत्मीयता के साथ आपको सम्मान पत्र श्री दिगंबर जैन महासमिति, महाराष्ट्र द्वारा सम्मानित किया गया।



दिगम्बर जैन इंटरनेशनल आर्गनाइजेशन द्वारा पुणे में अधिग्रहित भूमि हेतु आचार्यश्री 108 देवनंदीजी महाराज का आशीर्वाद लेते हुए डॉ. रविकिरण शाह पलसदेवकर एवं श्री किरण शाह लोनांदकर द्वारा चर्चा करते हुए।

# दशाहूमड़ महिला महासभा ने किया महिलाओं का सम्मान



**सागवाड़ा।** विश्व महिला दिवस पर 18 हजार दशाहूमड़ दिगम्बर जैन समाज के महिला महासभा का मातृशक्ति सम्मेलन हूमडपुरम में हुआ। अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने की। मुख्य अतिथि त्रिशला डागरिया उदयपुर और विशिष्ट अतिथि अशोक जैन, राजेश जैन, धनपाल शाह, अरविंद शाह, संतोष खोडनिया, रिनेश कोठारी, मितेश शाह, सुमतिलाल सरिया रहे।

सम्मेलन में मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. रेणु मिश्रा ने समाज में महिलाओं की भूमिका व वर्तमान में बालिकाओं के सामाजिक सरोकार के बारे में जानकारी दी। दशाहूमड़ महिला महासभा की अध्यक्षता साधना कोठारी ने कहा कि मातृ शक्ति सम्मेलन में नारी शक्ति के कर्तव्य, अधिकार, समाज व परिवार में महिलाओं की भूमिका आदि विषयों पर चर्चा के साथ ही धार्मिक, सामाजिक कार्यों, मुनिराज के आहार-विहार, निहार में पाठशाला संचालन में महिलाओं की सक्रियता समाज की एकता के लिए आवश्यक है। सम्मेलन में धार्मिक व सामाजिक कार्यों में पाठशाला संचालन और व्रत आदि में अग्रणी वीणा देवी सेठ सागवाड़ा, रेखा शाह आदिनाथ कालोनी, ममता दोसी धरियावाद, मेनका पंचोरी सावला, आशा शाह गलियाकोट, इंदिरा शाह वोरी, नैना सारगिया सागवाड़ा, वनिता धीरावत घाटोल, रेना देवी, शोभना देवी, सुषमा मादावत पीपलखुंट, शैल बाला पंचोरी पारसोला, मंजू देवी शाह पीठ का समेत 13 महिलाओं को सम्मानित किया। महिलाओं ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आगे भी और अच्छे कार्य करने का प्रोत्साहन मिलता है। सम्मेलन में परम संरक्षक उषा खोडनिया, लीला सारगिया, दीपाली रोकडिया, पूजा पगारिया, रीता घाटोल ने संबोधित किया। युवा कवि आगम जैन ने काव्य पाठ किया।

इस महिला सम्मेलन में प्रतापगढ़, बांसवाड़ा व डूंगरपुर जिले के सभी गांवों से महिला महासभा की प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव धनकुंवर जैन, रेखा पंचोरी व कांशी डागरिया ने किया।

# हुमड़ महिला परिषद इंदौर द्वारा मानव सेवा सच्ची सेवा हेतु उन्मुक्त आनंद आश्रम में सेवा दी गई

'**मानव सेवा सर्वोपरि**' को चारितार्थ करते हुए आश्रम में जाकर निराश्रित बच्चो एवं वृद्धजनो को खाद्य सामग्री भेंट कर उनकी जीविका में सहयोग देना भी बहुत बड़ी सेवा है, और यह कार्य 'हुमड़ महिला परिषद', इंदौर विगत 2 वर्षों से करता आ रहा है।

'सेवा के साथ मनोरंजन' की भावना से बनाये गए इस ग्रुप की अध्यक्ष श्रीमती मनाली तलाटी ने बताया कि प्रति माह ग्रुप की सखियाँ एकत्रित होकर किसी भी आश्रम में जाकर वहाँ बच्चो और वृद्धजनों के लिए खाद्य सामग्री और कपडे भेंट कर उनके रोजमर्रा की जीविका में सहयोग करती है, साथ ही इनके बीच रहकर खेल के माध्यम से इनका मनोरंजन किया जाता है । ग्रुप की सभी सदस्या इनके साथ इस तरह से घुल मिल जाती है, कि इन्हे अहसास ही नहीं होता है, कि वे किसी अनजान के साथ है ।




इसी कड़ी में दिनांक 15/03/2025 को कालानी नगर, इंदौर स्थित 'उन्मुक्त आनंद आश्रम' में जाकर सेवा कार्यो को संपन्न किया । सर्व प्रथम महिला दिवस के उपलक्ष्य में आश्रम संचालिका 'सुश्री सौम्या जैन' का सम्मान किया गया तत्पश्चात बच्चो एवं वृद्ध जनो को एकत्रित कर के उन्हें खाद्य सामग्री जैसे कि घी, तेल, शक्कर, आटा, विभिन्न दाले, पोहे, दलिया आदि सामग्री प्रदान कर उनको सहयोग किया।

सभी बच्चों एवं बुजुर्गो को होली पर्व की शुभकामनाएं गुलाल लगाकर एवं ठंडी कुल्फी खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। आश्रम के सभी सदस्यों की प्रस्थान के समय खुशी से आंखें भर गईं।

श्रीमती तलाटी ने सभी से अपील की है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, मांगलिक कार्यक्रम या अन्य समय में भी इनकी मदद करें तो कोई निराश्रित नहीं रहेगा। अध्यक्ष श्रीमती मनाली तलाटी के साथ मुख्य रूप से श्रीमती मधु पालविया, श्रीमती शीतल बक्षी, श्रीमती अनीता दोशी,श्रीमती नीना तलाटी, श्रीमती हंसा सालगिया एवं ग्रुप के अन्य सदस्य उपस्थित थे ।

## महती समूह के संस्थापक शाह परिवार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में खुले मन से दान दिया गया

पुणे के स्व. उदयबाबू शाह (महती समूह के संस्थापक) के परिवार द्वारा, श्री बाहुबली ब्रह्मचर्य आश्रम बाहुबली ने इस संस्था को 1.5 करोड़ का दान दिया है। श्रीमती विनया और स्व. उदयबाबू शाह के दिवंगत पुत्र श्रेयांश की 23 फरवरी 2003 को 27 वर्ष की आयु में उत्तराखंड के धारचूला (धौलीगंगा बांध) में कंपनी के जल विद्युत कार्य के लिए जाते समय धवलीगंगा में आकस्मिक मृत्यु हो गई। श्रेयांश की याद में श्रीमती विनया उदय बाबू शाह ने गुरुकुल के छात्रों और दर्शन के लिए आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए श्री अतिशय क्षेत्र बाहुबलिजी में एक सर्वसुविधायुक्त कैंटीन बनाने के लिए दान दिया है। स्व. उदयबाबू रतनलाल शाह, फलटंकर के परिवार ने पहले ही श्रेयांश की स्मृति में श्री अतिशय क्षेत्र सिद्धवर कूट (मध्य प्रदेश) में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए यात्री निवास का निर्माण कर लिया है और इसे श्री अतिशय क्षेत्र श्री सिद्धवरकूटजी संस्था को दान कर दिया है।



# आदिनाथ भगवान के जन्म एवं तप कल्याणक पर अनेक आयोजन संपन्न हुए

**कुशलगढ़।** आदिनाथ भगवान के जिनालय में आर्यिका विज्ञान मति माताजी के सानिध्य में जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया। सबसे पहले मूल नायक आदिनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक और शांति धारा संपन्न हुई। इसके बाद भगवान को गंधकुटी में विराजमान कर विधान आयोजित किया गया। विधान में भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की गई। भगवान आदिनाथ के गुणों का गुणगान किया गया।

आर्यिकाजी ने कहा कि एक बूंद पानी की कीमत समझना होगी। कई स्थानों पर पानी की भारी कमी है। लोग तड़प-तड़प कर मर जाते हैं। जल ही जीवन है, इसे सार्थक करना होगा। भगवान की शांति धारा का लाभ हसमुखलाल सेठ, भंवरलाल कोठारी और कमल मेहता परिवार ने लिया।

सौधर्म इंद्र का लाभ चंद्रेशजी-समीक्षा दोशी को मिला। कुबेर इंद्र और मुख्य मंगल कलश स्थापना का लाभ धर्मेन्द्र प्रिया कोठारी को प्राप्त हुआ। समाज के अध्यक्ष जयंतीलाल सेठ, मंत्री हंसमुख सेठ सहित समाजजन उपस्थित रहे। विधान का संचालन पंडित अर्पित शास्त्री ने किया।

**परतापुर।** डडूका में आदिनाथ भगवान के जन्म और तप कल्याणक पर पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक हुआ। शांति धारा के पुण्यार्जक कदम शाह, राकेश शाह और विधान स्थल पर दीपेश अशोक शाह परिवार रहे। पवित्र मति माताजी ससंघ के सानिध्य में लोकान्तिक देवों ने भगवान को गाजे-बाजे के साथ विधान स्थल तक विहार कराया। भक्तामर विधान में सौधर्म इंद्र कांतिलाल शाह, कुबेर धनपाल शाह सहित सभी इंद्रों ने भक्ति, पूजन और अर्घ्य समर्पित किए।

दोपहर में श्री जी को रजत गंधकुटी में विराजमान कर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शाम को गुरु भक्ति के बाद 48 दीपों से भक्तामर दीप महाअर्चना हुई। भगवान के जन्म कल्याणक पर पालना झुलाने के कार्यक्रम में सभी भक्तों ने भाग लिया। यह जानकारी राकेश शाह ने दी।

## आदिनाथ जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

नोगामा में आदिनाथ जयंती के उपलक्ष्य में प्रातः आदिनाथ मंदिर संमवशरण मंदिर, सुखोदव तीर्थ नसियाजी में विशेष शांति धारा अभिषेक किया गया। अभिषेक करने का प्रथम सौभाग्य पंचोली विपुल कुमार, महावीर ट्रेडर्स, मनोज जैन, सुभाष पंचोली को प्राप्त हुआ। अभिषेक के पश्चात भगवान आदिनाथ की प्रतिमा गाजे-बाजों के साथ पंडाल में गनगोटी में विराजमान की, मंगलाचरण के साथ दीप प्रज्ज्वलन, पूजन, संगीतमय भक्ति एवं आरती भक्तों द्वारा सम्पन्न की गई। आरती करने का प्रथम सौभाग्य निलेश जैन को प्राप्त हुआ एवं फूलमाला की बोली का सौभाग्य पंचोली विपुल कुमार लक्ष्मी लाल को प्राप्त हुआ। पालना को प्रथम झुलाने एवं छत्र लगाने का सौभाग्य शुभम सुप्रीम जी घाटोल को प्राप्त हुआ। पालना झूलन प्रदीप रतनलाल पंचोरी, जतिन सुभाष, महिला मंडल, जयेश कुमार कन्हैयालाल को प्राप्त हुआ। उसके बाद विशाल शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ नगर भ्रमण को निकली, जहां पर महिलाओं द्वारा समशरण मंदिर के बाहर गरबा नृत्य किया गया। इस अवसर पर पूरे नगर में घरों के बाहर रंगोली सजाई गई थी। जगह-जगह श्री जी की अगवानी की गई। शोभायात्रा आदिनाथ मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। कार्यक्रम का संचालन विधानाचार्य रमेशचंद्र गांधी भारत पंचोली द्वारा किया गया। आभार की रस्म अध्यक्ष रमलाल जैन द्वारा की गई।

# मौजूदा दौर में टूटते परिवारों को बचाना समाज के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती : खोडनिया

**सागवाड़ा।** भारतवर्षीय 18000 दशाहूमड़ दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने कहा है कि आज के दौर में टूटते परिवारों को बचाना समाज के समक्ष बड़ी चुनौती है। परिवारों में बिखराव को रोकना होगा, तभी सामाजिक एकजुटता और सशक्तिकरण की अवधारणा पूरी होगी। खोडनिया उदयपुर में दशाहूमड़ दिगंबर जैन समाज की नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि मंच से संबोधित कर रहे थे।

खोडनिया ने समाज में टूटते परिवारों एवं युवाओं में नौकरियों के प्रति बढ़ते आकर्षण पर चिंता जताते हुए कहा कि आज छोटी-छोटी बातों पर परिवार टूट रहे हैं। इसे बचाना सामाजिक संस्थाओं के लिए बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि समाज की युवा पीढ़ी परंपरागत व्यापार को छोड़कर बड़े पैकेज के लालच में नौकर बनने की दिशा में बढ़ रही है, यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। बड़े-बड़े शहरों में पलायन कर रही है, जिससे युवा परिवार और समाज से दूर होते जा रहे हैं और शादी करते ही जीवनसंगिनी के साथ शिफ्ट हो जाते हैं। जहां छोटी-छोटी बातों पर मनमुटाव कर संबंध विच्छेद तक की स्थितियां पैदा कर देते हैं। इसका मुख्य कारण परिवार के बड़े-बुजुर्गों से दूर रहना है। खोडनिया ने कहा कि इसी मनमुटाव के कारण प्रत्येक समाज में तलाक की प्रवृत्ति में बढ़ोतरी देखी जा रही है, यह चिंता का विषय है।

**दशाहूमड़ दिगंबर जैन समाज उदयपुर की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह**



खोडनिया ने कहा कि समाज की युवा पीढ़ी उच्च शिक्षा जरूर प्राप्त करे, शिक्षित और दीक्षित होना जरूरी है, लेकिन साथ में यह भी जरूरी है कि वे समाज-परिवार से भी जुड़े रहें। जो जड़ों से जुड़े रहेगा, वही रिश्तों का मर्म समझ पाएगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी उच्च शिक्षा हासिल कर स्वयं के व्यापार में, बड़े उद्योग धंधे लगाने आईटी का उपयोग करें तथा खुद मालिक बनें। परिवार और समाज के साथ वागड़-मेवाड़ के युवाओं को रोजगार मुहैया कराएं, ताकि वे अपने परिवार और समाज तथा मातृभूमि पर रहकर सबका उत्थान कर पाएंगे, जिससे पारिवारिक एवं सामाजिक एकता एक सूत्र में रहेगी।

मुख्य अतिथि खोडनिया ने उदयपुर दिगंबर जैन दशाहूमड़ समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश बी. शाह, महामंत्री पुष्पेंद्र धनावत एवं कार्यकारिणी को देवशास्त्र एवं गुरु को साक्षी मानकर शपथ दिलाई। समारोह में भारतीय चिकित्सा संघ के अध्यक्ष डॉ. आनंद गुप्ता, समाज प्रमुख अशोक शाह, निवृत्तमान अध्यक्ष रमेश वगेरिया, महामंत्री अमृतलाल बोहरा ने संबोधित किया। अतिथियों का स्वागत नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश शाह ने किया। समारोह में चंदनलाल छापिया, पवन जवेरिया, के.के. जैन, प्रख्यात न्यूट्रीशियन त्रिशला डागरिया, पारस धनावत, राजेन्द्र जैन झाडौल, धरणेंद्र सालगिया सहित समाजजन मौजूद रहे। संचालन मंत्री प्रितेश वगेरिया ने किया।

संपादक-श्री यशपाल जुवां-9826097101, email : humadwani2024@gmail.com प्रकाशक एवं मुद्रक श्री महेन्द्र बंडी (राष्ट्रीय महामंत्री) 9827255910 सन्मति 29/3, स्नेहलतागंज, इंदौर (म.प्र.), फेडरेशन ऑफ हुमड़ जैन समाज, पंजीकृत कार्यालय-9, सिंदुर कॉ.-ऑप., हाउसिंग सोसायटी, ईश्वर भवन के पास, नवरंगपुरा, अहमदाबाद (गुजरात) 380014-अहमदाबाद-से मुद्रित एवं प्रकाशित।